Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के स्थित आई.ई.ई.ई. ब्रांच ने दिनांक 03 अक्टूवर 2023 को हर्षोल्लास के साथ फाउन्डेशन डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया।

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के स्थित आई.ई.ई.ई. ब्रांच ने दिनांक 03 अक्टूवर 2023 को हर्षोल्लास के साथ फाउन्डेशन डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संस्थान की आई.ई.ई.ई. के बारे में जानकारी देना और उन्हें इसके लाभों के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन आई.ई.ई.ई. ब्रांच के काउन्सलर एवं संस्थान के डीन एकेड़मिक्स डॉ. अरूण कुमार सिंह, संस्थान के कुलसचिव डा0 बी.डी. पात्रो और आई.ई.ई.ई. ब्रांच चौप्टर के फैकल्टी एडवाइजर मि. अश्विनी कुमार उपाध्याय ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के उद्घाटन में, आई.ई.ई.ई. ब्रांच के काउन्सलर डॉ. अरूण कुमार सिंह ने छात्रों को संस्थान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की और उन्हें इसके लाभों के बारे में बताया।

कार्यक्रम के दौरान, संस्थान परिसर में डॉ. अरूण कुमार सिंह, श्री बी.डी. पात्रो, मि. अश्विनी कुमार उपाध्याय, और छात्रों हर्षित श्रीवास्तव, अभिलाष तिवारी, शबाना़, अपूर्व आदि द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

तदुपरान्त, दिनांक 05 अक्टूवर 2023 को आई.ई.ई.ई. ब्रांच के अंतर्गत एक तकनीकी कार्यशाला ''रिज्यूमे बिल्डिंग'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता के रूप में डा0 अरूण कुमार सिंह जी ने रिज्यूमें के बारे में छात्रो को बताया । मि. अश्विनी कुमार उपाध्याय ने छात्रों को समझाया कि रिज्यूमे में होने वाली सामान्य त्रुटियों को कैसे सुधारकर रिज्यूमे कैसे प्रभावी बनाया जा सकता है।

इस आयोजन के माध्यम से, छात्रों को नौकरी खोजने और अच्छे प्रोफेशनल रिज्यूमे बनाने के कौशल में मदद मिली और उनका आत्मविश्वास मजबूत हुआ।

आई. ई. ई. ई. के स्टुडेन्ट ब्रांच चौप्टर के फैकल्टी एडवाइजर श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय के द्वारा छात्रध् छात्राओं का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया । इस कार्यक्रम में आई.ई.ई.ई. ब्रांच के काउन्सलर एवं संस्थान के डीन एकेड़मिक्स डॉ. अरूण कुमार सिंह संस्थान के कुलसचिव डा0 बी.डी. पात्रो , डा0 रवीश सिंह राजपूत, सहायक प्राध्यापक, एप्लाइड़ साइंस, श्री आलम सर के साथ संस्थान के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज